प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.07.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा प्रभावित मंडी जिले के दौरे के दूसरे दिन आज सराज विधानसभा क्षेत्र के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और यहां चल रहे राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लेंगे और वे प्रभावितों से बातचीत भी करेंगे। इससे पहले कल सांय मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने थुनाग बाजार का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा में सराज विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्रियों से मिलेंगे और प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग करेंगे ताकि प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान की जा सके।

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि इस त्रासदी में सराज विधानसभा क्षेत्र में अनुमानित पांच सौ करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस आपदा से हुई भरपाई के लिए जो भी प्रस्ताव केंद्र को भेजेंगे भाजपा उसका समर्थन करेगी।

मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक—रूक कर जारी है। बीते दिनों मानसून की भारी वर्षा से हुई विभिन्न आपदा जैसी घटनाओं में अभी तक मरने वालों की संख्या 85 तक पहुंच गई है जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। इन घटनाओं में एक सौ 29 लोग घायल हुए हैं। वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित मंडी जिले में मृतकों का आंकड़ा 20 तक पहुंच गया है जबकि 27 लापता लोगों की तलाश जारी है। प्रदेश में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य लगातार जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

श्रीखंड यात्रा

धार्मिक आस्था और साहस के प्रतीक से जुड़ी श्रीखंड महादेव यात्रा आज सुबह से शुरू हो गई है। यात्रा का पहला जत्था आज सिंहगाड़ से रवाना हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए कुल्लू जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

हिमाचल प्रदेश की धार्मिक आस्था और साहस की प्रतीक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर द्वारा यात्रा पर जाने वाले पहले जत्थे को आधार शिविर सिंहगाड़ से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तो को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है तथा बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। इस बार यह यात्रा 23 जुलाई तक चलेगी स यात्रा में प्रतिदिन अधिकतम 800 श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति दी गई है।

सुर्खिया समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने मॉनसून की वर्षा से हुए नुकसान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला व हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है आपदा प्रभावितों को घर बनाने के लिए 7 लाख, भूमि भी देंगे। पंजाब केसरी ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के बयान को प्रमुखता दी है आपदा प्रभावितों के पुनर्वास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं दिव्य हिमाचल के शब्द हैं केंद्र हिमाचल के साथ खड़ा था और आगे भी खड़ा रहेगा। दैनिक जागरण के अनुसार आपदा राहत पैकेज के लिए एक साथ दिल्ली जाएंगे सुक्खू और जयराम।

घाटे में चल रहे एचपीटीडीसी के 14 होटल निजी हाथों में जाएंगे शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है सरकार ने जारी की अधिसूचना, होटल कर्मियों में रोष।